Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:55 बजे




हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 88 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 21 सितम्बर 2024



जटाधारा में विलेन के रोल...पेज-3 पर


## News कॉर्नर

### चोरों ने दो बाइकों पर किया हाथ साफ



**हल्द्वानी।** अलग-अलग स्थानों से चोरों ने दो बाइकों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में मो. शाहिद पुत्र बाबू हाजी निवासी लाइन नं. 17, बनभूलपुरा ने कहा है कि उसने अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूके 04 एडी6167 बीती 9 सितम्बर को रेलवे स्टेशन हल्द्वानी की पार्किंग में खड़ी की थी। जब वह वापस आया तो मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। वहीं चोरों ने एसटीएच गेट के पास से भी बाइक उड़ा ली। ग्राम उकिया वर्कली, बरेली निवासी योगेश ने बताया कि उसने मोटरसाइकिल संख्या यूपी25सीएल7787 को 19 ?सितम्बर को एसटीएच के द्वितीय गेट के पास खड़ा किया था। इस बीच चोरों ने उस पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला ने पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कर बरामदगी की लगाई गुहार

**हल्द्वानी।** एक महिला ने पुलिस में अपने पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज गुमशुदगी में लक्ष्मी पत्नी यश पाल सिंह भण्डारी निवासी न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, डहरिया ने कहा है कि उसका 17 वर्षीय पुत्र रोहित सिंह 19 सितम्बर की रात 8 बजे बिना बताए घर से कहीं चला गया। उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। उसने पुलिस से पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

## चर्चा: असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण को लेकर कार्यशाला

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता





जिलाधिकारी के निर्देशानुसार लगातार चल रही संवेदीकरण कार्यशाला में आज दिनांक 20 सितंबर 2024 को औरम, द ग्लोबल स्कूल, हल्द्वानी में महिला एवम बाल विकास विभाग नैनीताल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय में कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विभाग जैसे पुलिस, शिक्षा एवम परिवीक्षा विभाग से आए हुए अधिकारियों द्वारा बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। अपर निदेशक, प्रशिक्षण श्रीमती ऋचा सिंह ने बालिकाओं से वार्ता करते हुए ऐसे स्थानों के बारे में पूछा जहां पर वह असुरक्षित महसूस करती हैं, साथ ही बताया कि पिछली कार्यशालाओं में चिन्हित स्थानों पर समस्त संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही भी की जा रहा है और साथ ही जिलाधिकारी महोदया द्वारा विभिन्न विभागों के लिए स्क्क भी जारी कर दी गई है। बालिकाओं द्वारा हल्द्वानी में विभिन्न स्थानों को चिन्हित किया गया जैसे स्क्क कॉलेज के पीछे डीसी से मुखानी को लिंक करने वाली रोड, जवाहर ज्योति दमुआधूंगा, लालडांठ से सरस्वती विहार, रोडवेज बस स्टैंड, डीएसडी बैडमिंटन अकादमी के पास, ठंडी सड़क में स्कूलों के पास और पार्क में, देवालचौड, उत्थान मंच के सामने, हीरानगर, तल्ली बमोरी में भट्ट कॉलोनी, पंचक्की चौराहा, आवास विकास से सुभाषनगर वाली रोड, मुखानी से धनमिल वाली रोड, जगदम्बा नगर पार्क आदि। इस कार्यशाला में चिन्हित स्थानों एवम कारणों के साथ समिति अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी महोदया को प्रेषित करेगी जिससे संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन कार्यालय से तबस्सुम ने हेल्पलाइन नम्बर्स की जानकारी दी एवम पुलिस विभाग से लक्ष्मी शाही ने उत्तराखंड हेल्पलाइन ऐप के बारे में जानकारी दी। इन लगातार हो रहे कार्यक्रमों का उद्देश्य भय मुक्त वातावरण को बनाना है जहां बालिकाएं स्वयं को असुरक्षित ना महसूस करें और विश्वास के साथ कहीं भी आ जा सके, उन्हें आने-जाने में भय ना लगे और जिस भी क्षेत्र में छेड़छाड़ या बच्चियों को असुरक्षा महसूस हुई है उनमें जिलाधिकारी महोदया के निर्देशानुसार कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवम शिक्षिकायें, शिक्षा विभाग से यशोदा शाह, सुपरवाईजर चंद्रा मेहरा उपस्थित रहे।

जब पीएम मोदी का जवाब सुन भावुक हो गए थे ओबामा

## जितनी बड़ी आपकी कार, मेरी मां का घर उतना ही बड़ा हैः मोदी

**वॉशिंगटन/मुंबई**
एजेंसी



विनय क्वात्रा ने कहा कि मेरा ऐसा मानना है कि उस बातचीत के बाद बराक ओबामा और पीएम मोदी के बीच जो एक जुड़ाव हुआ, वो उस ईमानदारी के आधार पर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय दौरे पर अमेरिका रवाना हो गए हैं। प्रधानमंत्री के दौरे पर बात करते हुए अमेरिका में भारत के राजदूत और पूर्व विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने प्रधानमंत्री से जुड़ा एक किस्सा साझा किया।

विनय क्वात्रा बताया कि किस तरह से पीएम मोदी ने अपनी ईमानदारी और सहजता से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को भी अपना मुरीद बना लिया था। विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के चरित्र में एक ईमानदारी है और वो उनकी बातों में साफ झलकती है। विनय क्वात्रा ने एक घटना को याद करते हुए कहा कि %प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका दौरे पर आए थे और उस वक्त अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा थे...तो जब दोनों नेताओं के बीच औपचारिक वार्ता खत्म हुई तो दोनों नेता बातचीत स्थल से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित मार्टिन लूथर किंग स्मारक जा रहे थे। दोनों नेता बराक ओबामा की लिमोजिन कार में ही सवार थे। विनय क्वात्रा ने बताया कि वह भी बतौर प्रधानमंत्री के अनुवादक कार में ही मौजूद थे। इस दौरान बराक ओबामा ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके परिवार के बारे में बात की और पूछा कि आपकी मां कहां रहती हैं? इस पर प्रधानमंत्री ने हंसते हुए कहा कि मैं आपको बताऊंगा तो शायद आप विश्वास नहीं करेंगे, लेकिन ये सच है कि जितनी आपकी कार का ये दायरा है, मेरी माताजी इतने ही साइज के कमरे में रहती हैं। विनय क्वात्रा ने बताया कि पीएम मोदी का जवाब सुनकर बराक ओबामा हैरान रह गए क्योंकि पीएम मोदी के जवाब में उन्हें एक सच्चाई महसूस हुई। साथ ही बराक ओबामा को अहसास हुआ कि प्रधानमंत्री ने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किए हैं। विनय क्वात्रा ने कहा कि मेरा ऐसा मानना है कि उस बातचीत के बाद बराक ओबामा और पीएम मोदी के बीच जो एक जुड़ाव हुआ, वो उस ईमानदारी के आधार पर था।

## बीडी पांडे जिला अस्पताल में दो मरीजों में डेंगू की पुष्टी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

**खतरा**

- **संक्रमण बढने के साथ सांस लेने में तकलीफ हो सकती है**

मैदानी क्षेत्र के बाद अब नैनीताल में भी डेंगू के मरीज सामने आने लगे हैं। बीते दो दिनों में राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में दो मरीजों में डेंगू की पुष्टी हुई है। दोनों मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

बता दें कि बरसात के दौरान मैदानी इलाकों में डेंगू के मरीज मिलने के बाद ही नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड तैयार कर दिया गया था हालांकि बरसात के दौरान जिला अस्पताल में डेंगू के मरीज नहीं पहुंचे लेकिन अब नैनीताल में भी दो मरीजों में डेंगू की पुष्टी हुई है। बृहस्पतिवार को नैनीताल निवासी दो मरीजों में डेंगू की पुष्टि के बाद दोनों को भर्ती कर दिया गया है।



जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि डेंगू के दो मरीज पहुंच चुके हैं। एक और मरीज की डेंगू की जांच की गई है। मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज दिया जा रहा है। बताया कि दोनो मरीज मैदानी इलाकों से वापस लौटे थे। उन्होंने बताया कि डेंगू के मुख्य लक्षण तेज बुखार के साथ गंभीर सिर दर्द तथा मांस पेशियों और जोड़ों में दर्द है। कुछ लोगों को उल्टी तथा ग्रंथियां में सूजन और त्वचा पर लाल चकत्ते हो जाते हैं। संक्रमण बढने के साथ सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं भी हो सकती है। जिसको लेकर सावधानी बरतते की आवश्यकता है। बताया कि डेंगू में समय पर इलाज न मिल पाने की स्थिति में रोगी का ब्लड प्लेटलेट्स काउंट तेजी से कम होने लगता है। प्लेटलेट्स कम होने पर अतिरिक्त ब्लड प्लेटलेट चढ़ाने की आवश्यकता होती है।

## एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने किया जनपद में इंस्पेक्टरों में फेरबदल

**रुदरुर**
हमारे संवाददाता



एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जनपद में चार कोतवाली के प्रभारी निरीक्षकों में फेरबदल किया। एसएसपी ने दो सब इंस्पेक्टरों के भी तबादले किए हैं।

शुक्रवार की देर रात एसएसपी ने इंस्पेक्टरों में फेरबदल करते हुए काशीपुर के कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह को एसएसपी का वाचक बनाया है। उनकी जगह कुंडा थाने के इंस्पेक्टर विक्रम राठौर को भेजा है। जसपुर कोतवाल हरेन्द्र चौधरी को कुंडा थानाध्यक्ष बनाया है। जसपुर कोतवाली की जिम्मेदारी डीसीआरबी, पुलिस कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर जगदीश ढकरियाल को जसपुर कोतवाल बनाया गया है। एसएसपी द्वारा जारी सूची के मुताबिक थानाध्यक्ष केलाखेड़ा ललित मोहन रावल को रुद्रपुर कोतवाली का एसएसआई बनाया है। एसएसआई कोतवाली रुद्रपुर अशोक कुमार को केलाखेड़ा थानाध्यक्ष बनाया है। एसएसपी ने किए गए इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टरों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थान पर पहुंच चार्ज लेने के निर्देश दिए। अभी चार चौकी बिना प्रभारी के चल रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो जो जिन चौकियों में तैनाती होनी है,वहां पर कई सब इंस्पेक्टरों की नजर है।

## एक्शन: 52 पुलिस अफसर और कर्मियों का किया ट्रांसफर

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता



एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा नैनीताल जिले के 52 निरीक्षक, उपनिरीक्षक और अपर उपनिरीक्षक के स्थानांतरण की सूची शुक्रवार देर रात जारी की गई है।

जारी आदेश के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना हल्द्वानी उमेश कुमार मलिक को प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ और प्रभारी डीसीआरबी बनाया गया है। निरीक्षक राजेश कुमार यादव को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी का कार्यभार सौंपा गया है। धर्मवीर सिंह सोलंकी को पुलिस लाइन से प्रभारी एफएफयू और एसआईएस, दिनेश सिंह फर्त्याल को प्रभारी निरीक्षक लालकुआं से पुलिस लाइन, और डीआर वर्मा को प्रभारी निरीक्षक थाना भवाली से प्रभारी निरीक्षक थाना लालकुआं भेजा गया है। हेमचंद्र पंत को प्रभारी साइबर सेल से प्रभारी निरीक्षक भवाली, भगवान सिंह महर को थानाध्यक्ष कालाढूंगी से पीआरओ एसएसपी, पंकज जोशी को थानाध्यक्ष मुखानी से थानाध्यक्ष कालाढूंगी, और विजय सिंह मेहता को प्रभारी चौकी मंडी से थानाध्यक्ष मुखानी बनाया गया है। अन्य स्थानांतरण में भुवन सिंह राणा को थानाध्यक्ष चोरगलिया से प्रभारी चौकी मंडी, राजेश कुमार जोशी को प्रभारी चौकी पीरुमदारा से थानाध्यक्ष चोरगलिया, फिरोज आलम को मल्ला काठगोदाम प्रभारी चौकी से साइबर सेल, और दिलीप कुमार को प्रभारी चौकी रामगढ़ से प्रभारी चौकी मल्ला काठगोदाम भेजा गया है। इसके अतिरिक्त, गुलाब सिंह कम्बोज को प्रभारी चौकी बैलपड़ाव से प्रभारी चौकी रामगढ़, आसिफ खान को प्रभारी चौकी मालधन से थाना भवाली, धर्मेंद्र कुमार को प्रभारी चौकी खैरना से चौकी प्रभारी मालधन, और महेंद्रराज सिंह को प्रभारी चौकी दमुवादूंगा से प्रभारी चौकी धारी स्थानांतरित किया गया है। कृष्णा गिरी को प्रभारी चौकी कैंची से प्रभारी चौकी बैलपड़ाव, नीरज कुमार चौहान को प्रभारी चौकी हाईकोर्ट से थाना रामनगर, और नरेश पंत को प्रभारी साइबर सेल से प्रभारी चौकी हाईकोर्ट भेजा गया है। प्रताप सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी हंसपुर खत्ता, बलबीर सिंह राणा को थाना चोरगलिया से प्रभारी चौकी कुंवरपुर, और सुनील सिंह धानिक को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी पीरुमदारा बनाया गया है। इस प्रकार के कई और स्थानांतरण भी किए गए हैं, जिसमें सुरभि राणा, नीशु गौतम, मोनी टम्टा, और अन्य शामिल हैं। अंत में, रविंद्र राणा को प्रभारी एएनटीएफ से थाना भीमताल, मोहन सिह सौन को पुलिस लाइन से प्रभारी एएनटीएफ, और शिवेंद्र सिंह नेगी को पुलिस लाइन से थाना बनभूलपुरा स्थानांतरित किया गया है।

# पांचवी अंतर विद्यालय महिला फुटबॉल का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज, नैनीताल में चल रहे पंचम शेरेड मेमोरियल अंतर विद्यालय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर्गत आज सुबह के सत्र में 2 सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए।

सुबह का पहला मैच सनवाल स्कूल और ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू टीम के मध्य खेला गया। हाफ टाइम तक बराबरी पर चल रहा यह रोमांचक मुकाबला 4 – 0 से ऑल सेंट्स कॉलेज के नाम रहा। मुकाबले में नंदिनी बिष्ट ने 2 और गुरदृष्टि कौर व स्निग्धा पांडे ने 1-1 गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला ऑल सेंट्स कॉलेज व्हाइट और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के मध्य खेला गया। यह मुकाबला 3-1 से अतिथि विद्यालय टीम के नाम रहा। मुकाबले में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की ओर से बबली गरिया ने 3 गोल दागे और ऑल सेंट्स की ओर से इप्सा जयसवाल ने 1 गोल किया।



मुकाबलों में डॉ मनोज बिष्ट, बृजेश बिष्ट, पवन बिष्ट, अपूर्व बिष्ट, अनिल रावत और गौतम साह ने रेफरी की भूमिका निभाई।

इस दौरान मेजबान विद्यालय की प्रधानाचार्या किरन जरमाया ने विजेता टीम का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें बधाई दी इस मौके पर भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहरा, गोपाल बिष्ट, गोविंद सिंह बोरा, मयंक रावत, विनय साह और अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

शाम के सत्र में ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू व भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## 22 और 23 सितंबर को गोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल।** उत्तराखंड में शुक्रवार से शुरू हुए पांचवें राज्य मंडल खेलों के तहत 22 और 23 सितंबर को नैनीताल राजभवन में गोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं नैनी झील में कायकिंग, केनोईंग तथा याचिंग और रोइंग महिला और पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष महेश नेगी ने बताया कि खेलों को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। नैनी झील में होने वाली प्रतियोगिता के लिए ट्रैक का निर्माण पूरी तरह से हो गया है। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों की टीमें प्रतिभा करेंगीं। नैनी झील में कयाकिंग कनोईंग रेस के लिए तीन ट्रैक बनाए गए हैं। प्रतियोगिता के दौरान नैनी झील में पर्यटकों की नौकायन पर कुछ समय के लिए प्रतिबंध रहेगा ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो।

## रम्पुरा शिव मंदिर चौरासी घंटा कमेटी पर प्रभु श्री राम लीला का मंचन शुरू

**रुद्रपुर।** रम्पुरा में श्री श्री शिव मंदिर चौरासी घंटा कमेटी की ओर से आयोजित भगवान श्री राम की लीला के मंचन का पूर्व विधयक राजकुमार ठुकराल ने विधिवत फीता काटकर एवं दीप जलाकर शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर ठुकराल एवं विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी संजय ठुकराल, जगदीश ठुकराल का आयोजकों ने स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।पूर्व विधायक ठुकराल ने प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम समाज के लिए आदर्श और परम पूजनीय हैं। रामलीला समाज को सही मार्ग पर चलना सिखाती है। आज की युवा पीढ़ी को भी अपने माता-पिता की आज्ञा माननी चाहिए। उन्होंने प्रत्येक नागरिक को उनके पदचिह्नों पर चलने की सीख दी। पहले दिन रामलीला कलाकारों ने विभिन्न दृश्यों का मंचन करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान यादराम कोली,राम बहादुर कोली, आशीष श्रीवास्तव, राजू गुप्ता, बंटी कोली,अमन पांडे आदि मौजूद रहे।



# नगर पालिका नैनीताल ने ही ई-रिक्शा चालकों का दुर्घटना बीमा भी कराया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को अब ई-रिक्शा में बैठने का किराया 15 रुपये चुकाना होगा। शुक्रवार से नगर पालिका ने ई- रिक्शा का किराया 15 रुपये शुरू कर दिया है, साथ ही ई-रिक्शा चालकों का दुर्घटना बीमा भी कराया गया है।

बता दें कि नैनीताल में मल्लीताल से तल्लीताल तक ई-रिक्शा का संचालन किया जाता है। दोनों जगहों पर स्टैंड बनाए गए हैं जहां टिकट कटाने के बाद यात्री लाइन में लगकर इंतजार करते हैं। अब तक ई-रिक्शा का किराया दस रुपये प्रति सवारी निर्धारित है लेकिन रिक्शा यूनियन ने नगर पालिका से किराया बढ़ाकर 20 रुपये करने की मांग की थी। इसकी भनक लगते ही लोगों ने इसका विरोध किया था। इधर पालिका ने बीच का रास्ता निकालते हुए ई-रिक्शे का किराया 15 रुपये करने का निर्णय लिया। पालिका की ओर से किराया बढ़ाने पर गजट नोटिफि केशन पहले ही जारी कर दिया गया था लेकिन 20 सितंबर से ई रिक्शा का किराया 15 प्रति व्यक्ति शुरू कर दिया गया है।

मामले में पालिका की ईओ पूजा चन्द्रा ने बताया कि रिक्शा यूनियन की मॉंग पर ई- रिक्शा का किराया बढ़ाने को लेकर नोटिफि केशन पहले ही जारी किया जा चुका था। जिसके बाद 20 सितंबर (शुक्रवार) से ई- रिक्शा का किराया 10 रुपये से बढ़ाकर 20 रुपये लागू कर दिया गया है।

# रुद्रपुर में चल रही स्टेट ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

यहां मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित राज्य ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे। शनिवार दोपहर सीएम धामी पुलिस लाइन में पहुंचे। यहां से सीएम स्टेडियम पहुंचे। स्टेडियम में सीएम धामी का जोरदार स्वागत किया गया। यहां पर सांसद अजय भट्ट, पूर्व महासचिव भारतीय ओलंपिक संघ राजीव मेहता डॉ नागेंद्र शर्मा, कमलेंद्र सेमवाल, ओलंपिक संघ अध्यक्ष महेश नेगी, उत्तरांचल ओलंपिक संघ महासचिव डीके सिंह,सुरेश चंद्र पांडेय, धर्मेंद्र शर्मा, अतुल जोशी समेत तमाम लोग मौजूद रहे। इस दौरान सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।



## NEWS / फटाफट

### अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**नैनीताल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नैनीताल द्वारा अहिल्या बाई होल्कर के 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुमाऊं विश्विद्यालय के कुलपति दीवान सिंह रावत, डीएसबी परिसर की परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रांत मंत्री ऋषभ रावत, विधायक सरिता आर्या,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विभाग संगठन मंत्री केशव तथा प्रदेश कार्यकारी सदस्य अभिषेक मेहरा, छात्र संघ अध्यक्ष उत्कर्ष बिष्ट,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिनेश सिंह रावत, चेतन बिष्ट, नगर मंत्री मोहित पंत, मन मोहन रौंक, परीक्षित देव, कविता गंगोला, ज्योति ढौडियाल, भूपेश आर्य, मुकेश बहुगुणा, सौरभ कुमार उप्रेती, भावेश व पीयूष आदि लोग मौजूद रहे।

### दमुवाढूंगा क्षेत्र के नियमितीकरण के सर्वेक्षण को लेकर भेंट



**हल्द्वानी।** दमुवाढूंगा क्षेत्र के वार्ड 35,36,37 जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल कुमाऊं कमिश्नर एवं निजी सचिव मुख्यमंत्री दीप रावत से मुलाकात कर दमुवाढूंगा क्षेत्र के नियमितीकरण के सम्बंध में बंद पड़ी अभिलेख संक्रियाओं को शुरू करवाने तथा सर्वेक्षण प्रक्रिया को शुरू करवाने हेतु भेंट की। 3 अक्टूबर से वार्ड 35, 36, 37 सर्वेक्षण कार्य शुरु होना है। इस दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता देवी दयाल उपाध्याय, पूर्व ग्राम प्रधान महेश जोशी, अरुण कुमार, हृदयेश कुमार, पन राम, हरीश गौरा, रोषपाल मौर्या, गोधन सिंह, नरेन्द्र लाल टम्टा, हरीश मेहरा आदि मौजूद थे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# महिला सुरक्षा विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनी महिला जागृति संस्था द्वारा संकल्प नए उत्तराखंड का साप्ताहिक आयोजन के तहत शुक्रवार को कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर सेमिनार हॉल में महिला सुरक्षा विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो. ललित तिवारी व अमिता साह तथा नैनी महिला जागृति संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया,जबकि मुख्य अतिथि निदेशक डीएसबी परिसर प्रो. नीता बोरा शर्मा ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया साथ ही प्रतिभागियों से आग्रह भी किया कि वह भाषण के अपने वक्तव्यों को स्वयं के व्यवहार में भी शामिल करें। इससे पूर्व भाषण प्रतियोगिता के दौरान वक्ताओं ने परिवार में संस्कारों की शिक्षा, प्राचीन कुटुंब व्यवस्था, वर्तमान में महिला सुरक्षा के लिए



जागरूकता की आवश्यकता एवं महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी की जरूरतों पर केंद्रित वक्तव्य दिए। मुख्य वक्ता हरीश सिंह राणा ने बताया कि समान नागरिक संहिता वर्तमान परिपेक्ष में भारत वर्ष की प्राथमिक आवश्यकता है। भाषण प्रतियोगिता में सीनियर श्रेणी में डीएसबी परिसर के नकुल देव शाह ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया एवं जूनियर श्रेणी में बीएसएसवी सैनिक की सुनैना ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक डा. दीपिका पंत, डा. पंकज नेगी एवं मोहित लाल साह रहे। संचालन कार्यक्रम संयोजक नीरज बिष्ट ने किया। इस दौरान दीपांशु पालीवाल, प्रिया नगरकोटी, नंदिनी जोशी, श्वेता पंत, शशांक भंडारी, आदित्य खोलिया, अनुशिखा, दीक्षा पांडे, अर्णव त्रिपाठी, गुलेशेदा, हया फ ातिमा, अनुष्का पुरी, अमन कुमार, हर्षिता शाह, कुणाल, दीया आर्य तथा श्रेया जोशी सहित 50 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जागरूकता माह पर जागरूकता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित भेषज विज्ञान विभाग द्वारा पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जागरूकता माह के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शीर्षक जागरूकता माह महिलाओं के स्वास्थ्य एवं जागरूकता के लिए एक कदम रखा गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को पीसीओएस के बारे में जागरूक करना, इससे होने वाले खतरों के बारे में जानकारी प्रदान करना और पीसीओएस के लिए विभिन्न उपचारों के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. अनिता सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पीसीओएस एक आम समस्या है जो महिलाओं को प्रभावित करती है। इसके बारे में जागरूकता बढ़ाना बहुत जरूरी है। इसके बाद कार्यक्रम की संयोजिका और विभाग की सहायक प्राध्यापिका कुमारी चंद्रकांता ने पीसीओएस के बारे में महिलाओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की। एमफ़ार्म तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा पीसीओएस के बारे में एक नाटक प्रस्तुत किया गया। इस शिविर में भीमताल ब्लॉक की लगभग 40 महिलाओं ने प्रतिभाग किया जिसमें ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष हेमा आर्या समेत ग्राम प्रधान सोनगांव लीलावती पलड़िया और राधा कुलियाल आदि शामिल रहे। शिविर में उपस्थित महिलाओं का ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई। ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष हेमा आर्या ने विज्ञान विभाग का धन्यवाद किया और इस महत्वपूर्ण विषय पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भेषज विज्ञान विभाग का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम की सह संयोजिका प्रिया गुप्ता, अदिति रौतेला और विभाग के समस्त शिक्षिकाएँ, ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष हेमा आर्या, ग्राम प्रधान सोंगांव लीलावती पलड़िया और राधा कुलियाल मौजूद रहे।

# अभिमत

## सुरक्षा से ही शांति

***इतिहास गवाह है कि भारत ने कभी किसी पर हमला नहीं किया और भारत पर हमले होते रहे हैं, इसलिए युद्ध की तैयारी भी जरूरी है। आजादी के बाद भारत पर पड़ोसी देशों ने हमले किये। भारत के हजारों सैनिकों ने प्राण बलिदान कर देश की रक्षा की। पड़ोसी देश पाकिस्तान युद्ध में मुंह की खाने के बाद आतंकवाद के जरिये छद्म युद्ध छेड़े हुए है। आतंकवाद से भारत को जान-माल का सबसे अधिक नुकसान हो रहा है, परन्तु भारत ने पाकिस्तान पर हमला नहीं किया, जबकि भारतीय सेना के लिए आतंकी देश पाकिस्तान का अस्तित्व मिटाने में कुछ घंटे ही लगेंगे।***

पिछले तीन दशक पहले अमेरिका और सोवियत संघ के बीच शांति समझौता होने के बाद परमाणु अस्त्र नष्ट किये गये थे। उसी दौरान सोवियत संघ का विघटन हो गया। अकेला अमेरिका विश्व की महाशक्ति बन गया। कुछ वर्षों तक विश्व में शांति कायम रही, लेकिन आतंकवादी गुटों ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हिंसा की आग लगा दी। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकी हमले ने महाशक्ति को झकझोर दिया और विश्व के अनेक देशों में आतंकवाद के रूप में परोक्ष युद्ध छिड़ गया। वर्तमान में रूस और यूक्रेन, इजरायल तथा फिलस्तीन के बीच सीधा युद्ध हो रहा है। इसके अलावा समुदाय विशेष के देशों में सालों से हिंसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कई देशों के बीच युद्ध और आतंकवाद से विश्व के सभी राष्ट्रों का चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष स्तरीय सैन्य नेतृत्व को सम्बोधित करते हुए दुनिया के सभी देशों को भविष्य के प्रति सचेत किया है। भारत शांतिप्रिय राष्ट्र है, परन्तु शांति बनाये रखने के लिए सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने की जरूरत है। अंतरिक्ष और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमता की चुनौती तथा सशक्त और सुरक्षित भारत के लिए सशस्त्र बलों की रणनीति एवं क्षमता में बदलाव किया जाना चाहिए। इतिहास गवाह है कि भारत ने कभी किसी पर हमला नहीं किया और भारत पर हमले होते रहे हैं, इसलिए युद्ध की तैयारी भी जरूरी है। आजादी के बाद भारत पर पड़ोसी देशों ने हमले किये। भारत के हजारों सैनिकों ने प्राण बलिदान कर देश की रक्षा की। पड़ोसी देश पाकिस्तान युद्ध में मुंह की खाने के बाद आतंकवाद के जरिये छद्म युद्ध छेड़े हुए है। आतंकवाद से भारत को जान-माल का सबसे अधिक नुकसान हो रहा है, परन्तु भारत ने पाकिस्तान पर हमला नहीं किया, जबकि भारतीय सेना के लिए आतंकी देश पाकिस्तान का अस्तित्व मिटाने में कुछ घंटे ही लगेंगे। एक तरफ पाकिस्तान आतंकवाद से बाज नहीं आ रहा है और दूसरी ओर भारत द्वारा बातचीत करके पड़ोसी से संबंध सुधारने के प्रयास किये जाते रहे हैं। भारत का ही दूसरा पड़ोसी चीन एक बार युद्ध कर चुका है। नियंत्रण रेखा निर्धारित होने के बाद भी सीमा पार करके चीन के सैनिक भारतीय क्षेत्र में तम्बू गाड़ देते हैं। भारतीय सेना संयम का परिचय देते हुए कमांडरों के बीच बातचीत और राजनयिक स्तर पर प्रयास से चीन के सैनिकों को वापस किया जाता रहा है। कारगिल की लड़ाई के बाद सीधे युद्ध की नौबत नहीं आई है, लेकिन खतरा बरकरार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दूरगामी सोच का परिचय देते हुए सशस्त्र बलों से तैयारी का आह्वान किया है। प्राचीनकाल से ही शांति के उपाय के साथ सुरक्षा के प्रबंध करने का सिद्धांत रहा है।

# तीन सूत्री मांगों को लेकर बंगाली समाज में भरी हुंकार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



कोरबो, लोड़बो और जीतबो' के नारे के साथ रुद्रपुर के गांधी पार्क में बंगाली समाज का आयोजित राज्य व्यापी बंगाली महासम्मेलन में एकत्रित हजारों अपनी हकों की आवाज बुलंद की। महासम्मेलन में जिले भर से हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी आवाज सरकार तक पहंचाने का प्रयास किया। इस दौरान तीन सूत्रीय मांगों को लेकर बंगाली समाज के हजारों लोगों ने गांधी पार्क में हुंकार भरी। महासम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत संस्तुति प्रस्तुत किया। महासम्मेलन में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हर राजनीतिक दल से जुड़े को बंगाली समाज के लोग एक मंच पर नजर आए। वक्ताओं ने कहा कि जनपद में चार लाख बंगालियों को अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाए, बंगाली बाहुल्य स्कूलों से एवं कॉलेज में बांग्ला विषय का बांग्ला विषय का पाठ्यक्रम रखा जाए। साथ ही हरिचंद गुरु चंद बंद पड़ी छात्रवृत्ति का पुनः वितरण किया जाए। उत्तराखंड राज्य बनने के बाद वर्ष 2001 में तत्कालीन सरकार ने बंगालियों को अनुसूचित जाति की मान्यता के लिए एक अध्यादेश पारित कर भारत सरकार के पास भेजा गया था। सरकार बदलने के बाद नई सरकार ने विधानसभा में संकल्प पारित कर भारत सरकार को बंगालियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए भेजा था। भारत सरकार के महारजिस्टार की अवलोकनार्थ यह पाया केस में एथनोग्राफिक सर्वे नहीं है। किसी यूनिवर्सिटी से एथनोग्राफिक कराकर उत्तराखंड सरकार को के लिए पुनः भेजा जाए। जनपद के डीएम ने पत्र देकर यूनिवर्सिटी से एथनोग्राफिक सर्वे कराकर उत्तराखंड को भेजने का आग्रह किया गया में पंतनगर यूनिवर्सिटी के माध्यम सर्वे कराकर भेजा गया,लेकिन वर्ष तक इसका समाधान नहीं दिखाई दिया जाता है।

समाज के नेताओं ने एससी एसटी आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हवलदार से संपर्क किया। उन्होंने भारत सरकार के महा रजिस्ट्रार के प्रतिनिधि एवं उत्तर उत्तराखंड सरकार के प्रतिनिधि के साथ बैठक की और प्रगति के बारे में जानकारी ली। मुख्य सचिव ने 12 फरवरी 2024 को एथनोग्राफिक सर्वे के साथ उत्तराखंड सरकार की संस्तुति की एक पत्रावली एससी आयोग एवं महालेखा परीक्षक के पास भेजी गई। सरकार का शिक्षा मंत्री द्वारा भी कई वार आश्वासन दिया गया कि बंगाली बाहुल्य क्षेत्र में बांग्ला भाषा को पढ़ाया जाए, लेकिन यह नोटिफिकेशन अभी तक लागू नहीं किया गया। बंगालियों के अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को जो वजीफा वह 3 साल से बंद पड़ा है। जिससे वह उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे ऐसे में बंगाली समाज की इन तीनों मांगों को पूरा किया जाए। इस दौरान दर्ज राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, शंकर चक्रवर्ती, अमित वैध, समीर राय,अनादी रंजन मंडल, हिमांशु सरकार,दिलीप अधिकारी, विवेकानंद विश्वास, विकास मलिक, ममता हालदार, सीमा विश्वास, सुभाष सरकार, प्रसनजीत, राधा सरकार, गोविंद राय, गणेश राय, प्रभात स्वर्णकार, जीवन राय, विश्वजीत विश्वास शुभम मंडल समीर सेन, माइकल राय, गौतम घरामी, विकास विश्वास, केके दास, चंद्रशेखर गांगुली, तरुण दत्ता,त्रिनाथ विश्वास, रघुनाथ विश्वास, रंजीत तिवारी,आशित बाला समेत हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद थे। संचालन परिमल राय ने किया।

## महिला संदिग्ध परिस्थितियों में दो मंजिला मकान से गिरी, मौत

**रुद्रपुर।** कोतवाली किच्छा की चौकी लालपुर में एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में दो मंजिला मकान से नीचे गिर गई। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा।

पुलिस के मुताबिक लालपुर मूल रूप से पीलीभीत बिलसंडा निवासी 35 वर्षीय गुड्डी पत्नी बासुदेव किराए पर रह किसी कंपनी में काम करती थी। वह शुक्रवार शाम को ड्यूटी से घर पहुंची। बताया जा रहा है कि गुड्डी खाना बनाने के बाद मकान की छत पर गई थी और मोबाइल पर बात करने लगी। तभी वह संदिग्ध परिस्थितियों में मकान के पीछे वाले मकान की छत पर गिर गई। करीब एक घंटे के बाद सूचना महिला के परिजनों को मिली। उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर महिला एसआई नेहा राणा ने मौके पर पहुंच परिजनों से घटना की जानकारी ली।

## छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन

**नैनीताल/भीमताल**

**हमारे संवाददाता**

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट भीमताल परिसर ने ग्लोबेथिक्स अकादमी, जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड के सहयोग से शिक्षण पेशेवरों और प्रशासकों के लिए नैतिकता और मूल्य पर छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एफडीपी गुरुवार को उद्घाटन किया है। यह कार्यक्रम 20 से 25 सितंबर तक चलेगा जिसका उद्देश्य शिक्षकों को उच्च शिक्षा में नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान करना है।




इस दौरान एफडीपी में प्रमुख वक्ता डॉ. प्रियंका कक्कड़, नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, रजुला वी, ग्लोबेथिक्स की साउथ एशिया की रीजनल मैनेजर और डॉ. अविरल अवस्थी, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी परिसर शामिल हैं। डॉ. कक्कड़ के 100 से अधिक प्रकाशन और व्यापक शोध अनुभव हैं, उच्च शिक्षा में नैतिकता की मजबूत समर्थक हैं। रजुला वी दक्षिण एशिया में नैतिकता को बढ़ावा देने में आठ वर्षों का अनुभव रखती हैं, विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी हैं।

डॉ. अवस्थी कंप्यूटर नेटवर्क, मोबाइल कंप्यूटिंग और एड-हॉक नेटवर्क में 14 वर्षों का शिक्षण और शोध अनुभव है, जिन्होंने नैतिक मूल्यों को शिक्षा में शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। सेशन्स में नैतिक नेतृत्व, उच्च शिक्षा में नैतिक दुविधाओं का सामना करना और संस्थागत प्रथाओं को मान्यता मानकों के साथ संरेखित करना जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। इंटरएक्टिव लेक्चर्स और चर्चाओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने अकादमिया में नैतिक देखरेख के महत्व की गहराई से जांच की। अमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा, शारदा यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, क्राइस्ट यूनिवर्सिटी दिल्ली-एनसीआर, कुमाऊं विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख संस्थानों के फैकल्टी, साथ ही ग्राफिक एरा के भीमताल और हल्द्वानी कैंपस के प्रतिभागियों ने नैतिक शोध, टीम निर्माण, और नैतिक प्रथाओं को मजबूत करने के लिए उभरती तकनीकों के एकीकरण पर चर्चा की।

# फिल्मी दुनिया

## जटाधारा में विलेन के रोल में दिखेंगी रवीना टंडन





*अभिनेत्री रवीना टंडन केजीएफ 2 के बाद एक और दक्षिण भारतीय फिल्म में नजर आएंगी। उन्हें सुधीर बाबू के साथ जटाधारा फिल्म में देखा जाएगा। दिग्गज अभिनेत्री रवीना टंडन आने वाले दिनों में तेलुगु फिल्म जटाधारा में नजर आएंगी, जिसमें सुधीर बाबू मुख्य भूमिका अदा कर रहे हैं। रवीना टंडन की दक्षिण भारतीय फिल्मों की बात करें तो उन्हें यश स्टारर केजीएफ- चैप्टर 2 में भी देखा गया था, जिसमें वो नेता के रोल में नजर आई थी। अब उनके प्रशंसक उन्हें जटाधारा में देखने के लिए उत्सुक है। 90 के दशक में ग्लैमरस अवतार में नजर आने वाली रवीना अब अलग-अलग तरह की भूमिका कर रही हैं। जटाधारा एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म है। इसमें रवीना टंडन नेगेटिव किरदार में दिखाई देंगी। केजीएफ- चैप्टर 2 में उनका किरदार ग्रे शेड वाला था और अब उन्हें जटाधारा में कुछ अलग करने का मौका मिला है। इस फिल्म को 2025 में महाशिवरात्रि के मौके पर रिलीज किया जाएगा। जटाधारा का पोस्टर भी रिलीज हो चुका है। 17 अगस्त, 2024 को रिलीज किए गए पोस्टर में सुधीर बाबू दिखाई दिए थे।*

### शिविन नारंग करेंगे निर्देशन

*वो हाथ में त्रिशूल पकड़े हुए थे और पीछे भगवान शिव दिखाई दे रहे थे। इस फिल्म का निर्देशन शिविन नारंग कर रहे हैं। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है। इसका निर्माण प्रेरणा अरोड़ा कर रही हैं, जो इससे पहले परी, रूस्तम, पैडमैन और टॉयलेट- एक प्रेम कथा को भी बना चुकी हैं। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम जारी है।*

## स्वच्छता अभियान चलाने के लिए कूड़ा वाहनों को हरी झंडी दिखाई

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत आज जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने नैनीताल जिले के समस्त 8 विकास खंडों में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए कूड़ा वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया , साथ ही जिले में डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए समस्त विकासखंडों में डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए लार्विसाइट दवा का छिड़काव करवाया, जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस दौरान नैनीताल जिला पंचायत में प्रथम बार प्रयोग में लाई जा रही वैक्यूम बेस्ड गार्बेज सक्शन वाहन को हरी झंडी दिखा कर जनता को समर्पित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने इस दौरान कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आज स्वच्छता के प्रति देशवासियों में जागरूकता बड़ी है , इस दौरान अपर मुख्य अधिकारी कमलेश बिष्ट, टी ओ विजय बिष्ट , प्रमोद तोलिया , नन्हे कश्यप , खीम सामंत यतेंद्र सुयाल, कमल पांडे , वीरेंद्र खाती समेत पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।



## News कॉर्नर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, कार्रवाई की मांग

**नैनीताल ।** नगर में बीते चार सितंबर को अज्ञात वाहन की टक्कर से चोटिल हुए बुजुर्ग की मौत हो गई है। बुजुर्ग के परिजनों ने अज्ञात वाहन की टक्कर को बुजुर्ग की मौत का कारण बताते हुए कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि मल्लीताल स्टाफ हाउस निवासी योगेश कुमार ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि बीते चार सितंबर की सुबह उनके पिता क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोगों ने उनको सड़क पर घायल अवस्था में देखा। सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे तो समीप के दुकानदारों ने बताया कि एक पिकअप बैक करने के दौरान उनको टक्कर लगी थी। जहां उनको प्राथमिक उपचार कर बाद रेफर कर दिया था। उन्होंने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर टक्कर मारने वाले पिकअप चालक पर कार्रवाई करने की मांग की है। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

### विद्यार्थियों को गणवेश वितरित किए


**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज रौशिल में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को गणवेश वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अभिभावक संघ के अध्यक्ष ग्राम प्रधान ललित मोहन ने सभी विद्यार्थियों को गणवेश का महत्व बताते हुए अनुशासन में रहने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र ने विभिन्न सरकारी और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर समग्र शिक्षा प्रभारी डा.कन्नू जोशी समेत डा. सुरेश राय,प्रेम कांडपाल, नित्यानंद कांडपाल, दिनेश प्रसाद,प्रताप कुल्याल,चंद्रशेखर जोशी तथा सावित्री पाण्डेय उपस्थित रही।

# नशामुक्ति को लेकर नैनीताल में बनेगी फिल्म वायलेंस

नैनीताल

हमारे संवाददाता





**वार्ता**

● अभिनेता मुकेश जे भारती व निर्माता मंजू भारती की प्रेस वार्ता

अभिनेता मुकेश जे भारती व निर्माता मंजू भारती ने कहा कि पहाड़ों में नशे की बढ़ती लत को लेकर वह फिल्म वायलेंस बनाने जा रहे हैं। बोट हाउस क्लब में पत्रकारों को प्रस्तवित फिल्म की जानकारी दी। कैंची धाम में बाबा नीब करोरी के दरबार में पहुँचे हुए थे और नैनीताल आकर पत्रकारों से रूबरू हुए। अभिनेता मुकेश जे भारती ने कहा कि बाबा के दर पर आकर खुद को बहुत धन्य महसूस किया । हालाँकि अभिनेता मुकेश जे भारती व निर्माता मंजू भारती की फिल्म मौसम इकरार के दो पल प्यार के की शूटिंग साल 2016 में नैनीताल में ही पूरी हुई पर उस समय बाबा के दर पर आने का मौका नहीं मिला । उन्हीने कहा कि नशे को लेकर बनाई जा रही फिल्म की शूटिंग नवम्बर से होगी। जिसमे बॉलीवुड के कई बड़े चेहरे नजर आएंगे। निर्माता मंजु भारती ने कहा कि हार रही हूँ पर हारूँगी नहीं , मुझे जीतना है । यहाँ आकर बहुत पॉजिटिव एनर्जी महसूस हुई । ऐसा लगा जैसे बाबा मुझसे बात कर रहे हैं । बाबा का चमत्कारी दर है । मैंने बाबा के बारे में बहुत सुना था तो यहाँ आने की इच्छा प्रकट हुई और बाबा ने बुला लिया अब इसमें कोई ना कोई चमत्कार ज़रूर है । बतौर निर्माता मंजु भारती की चौथी फ़िल्म बहुत जल्द शुरू होने वाली है । नीब करोरी बाबा के दरकार में हज़ारी लगाकर खुद को बहुत धन्य मान रहा हूँ । अभिनेता मुकेश जे भारती बॉलीवुड फ़िल्म काश तुम होते , मौसम इसरार के दो पल प्यार के , प्यार में थोड़ा ट्विस्ट जैसी फ़िल्मों में नज़र आ चुके हैं अब उनकी आने वाली फ़िल्म बहुत बड़ी फ़िल्म है जिसकी तैयारी उन्होंने बहुत मेहनत से की है जिसकी शूटिंग बहुत जल्द नैनीताल की हसीन वादियों में शुरू होगी ।

# डीएम ने दिए राजस्व,वन, नजूल भूमि अतिक्रमण रोकने के निर्देश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**निर्देश**

● अवैध कब्जे व बसावट से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव पर पैनी नजर रखते हुए कार्यवाई करने के निर्देश भी दिए

जनपद में राजस्व, वन, नजूल, सड़क किनारों भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं कब्जे पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार की भूमि पर अवैध कब्जे व बसावट से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव पर पैनी नजर रखते हुए तुरंत कार्यवाई करने के निर्देश भी दिए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध अतिक्रमण, कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था, जनसांख्यिकीय बदलाव एवं महिला सुरक्षा की बैठक लेते डीएम ने कहा कि जमीनों में अवैध कब्जे एवं जमीनों की हेरा-फेरी करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाई की जाएगी। समय समय पर न्यायालयों व शासन के निर्देशों का अनुपालन सख्ती से कराया जाएगा। उन्होंने वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण को सख्ताई से रोकने के निर्देश वनाधिकारियों को दिए। जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व प्रशासन संयुक्त रूप से त्वरित कार्यवाई करना सुनिश्चित करें। महिलाओं की सुरक्षा हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने परगना स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में पुलिस उपाधीक्षक सहित तीन महिला अधिकारियों को रखते हुए समिति गठित करने के निर्देश दिए। गठित समिति समय समय पर अपने क्षेत्र में कार्यालयों, उद्योगों एवं निजी संस्थानों का भ्रमण कर महिला कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं से वाकिफ होंगे तथा समस्याओं का निराकरण करते हुए सूचनाएं जिला मुख्यालय स्तर पर भी देना सुनिश्चित करेंगे। प्राईवेट औद्योगिक आस्थानों, चिकित्सालयों व निजी संस्थानों में भी महिला सुरक्षा हेतु जिला स्तर पर एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शहरों में सभी प्रकाश शैडो एरिया में उचित प्रकाश व्यवस्था तथा अपराध संभावित क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए सांय व रात्रि के समय गशत करेन। साथ ही महिला सुरक्षा के विषय पर पर्याप्त प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एसपी सिटी मनोज कत्याल, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज शुक्ल, एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा, गौरव पांडे, डॉ. अमृता शर्मा, तहसीलदार दिनेश कुटोला, गिरीश जोशी मौजूद रहे। उधर प्रभागीय वनाधिकारी, एसडीएम वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# छात्रा व छात्राओं का उन्नतशील किसान और किसानों से जानकारी साझा की

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पंतनगर विश्वविद्यालय के बीएससी अंतिम वर्ष के छात्रा व छात्राओं का उन्नतशील किसान व किसानों से घर-घर जाकर मिलने का कार्यक्रम के तहत आज शांतिपुरी नंबर 2 में डॉ. गणेश उपाध्याय की आवास में किसान नेता किसान प्रभु दत्त जोशी, कुंदन सिंह देउपा, वीरेंद्र कोरंगा ,विनोद जोशी आदि किसानों से अपने जानकारी साझा की। अच्छी खेती के लिए नई टेक्नोलॉजी के तहत जोड़ने के लिए छात्राओं ने निवेदन किया। छात्र-छात्राओं का सुझाव था कि किसनो व पंतनगर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों का एक ऐसा ग्रुप बनाया जाए, जो किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए प्रतिदिन मौसम से लेकर हर फसलों के बारे में जानकारी साझा करें। इस बात पर किसानों ने हामी भरी। इस अवसर पर छात्र छात्रों का के ग्रुप लीडर निवेदिता सिंह, जय सिंह कारकी, मोहम्मद कुरेशी, खुशी भारती ,अभिषेक बिष्ट, कमल भट्ट, हिमांश जोशी, अनुपम कुमार आदि ने प्रतिभाग किया।



# उद्योग केन्द्र सभागार में स्टार्टअप एक दिवसीय कार्यशाला




रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**आयोजन**

● इकोसिस्टम से जुड़े विद्यार्थी/ संस्थान एवं अन्य उद्यमियों जागरूक करना

महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र विपिन कुमार ने बताया कि उद्योग निदेशालय, देहरादून के निर्देश पर जिला उद्योग केन्द्र सभागार में स्टार्ट अप एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ उद्योग निदेशालय से आये संयुक्त निदेशक उद्योग डॉ दीपक मुरारी ने किया।

महाप्रबंधक ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्टार्ट अप पॉलिसी 2023 के बारे मे विस्तृत जानकारी दिये जाने हेतु इकोसिस्टम से जुडे विद्यार्थी/संस्थान एवं अन्य उद्यमियों जागरूक करना है। कार्यशाला में स्टार्ट अप इण्डिया से अपराजिता सैनी द्वारा स्टार्ट अप योजना के सम्बन्ध में वर्चुवल के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। आईआईएम काशीपुर से आये इन्क्यूबेटर संजय पाल ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले संस्थान के विद्यार्थी एवं नव उद्यमियों को स्टार्ट अप के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक उद्योग निदेशालय देहरादून, अध्यक्ष सिडकुल इन्टरप्रिन्योर वैलफेयर सोसायटी श्रीकर सिन्हा, अध्यक्ष केजीसीसीआई अशोक बंसल, इन्दूबेटर आईआईएम काशीपुर संजय पाल,एमएसएमई डेवलपमेन्ट फोरम आकाश सक्सेना, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र विपिन कुमार समेत संस्थान से आये विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### रामगढ़ में एनीमिया एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नैनीताल ।** जिले के जीआईसी तल्ला रामगढ़ में एनीमिया एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य एवं एनीमिया की जांच की गई। शिविर में डॉ. प्रदीप रावत के द्वारा किशोरी बालिकाओं को संतुलित आहार समेत मोटे अनाज का महत्व तथा स्वच्छता आदि की विस्तार से जानकारी दी गई जबकि आरकेएस के काउंसलर विमला द्वारा किशोरी बालिकाओं को मेंसुरेशन हाइजीन तथा एनीमिया व पोषण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

विद्या भारती उत्तराखंड द्वारा आयोजित जिला नैनीताल के भारतीय शिक्षा समिति के विद्यालय जन तथा शिशु शिक्षा समिति के विद्यालयों की भौतिक विज्ञान एवं गणित विषय को विद्यालय में पढ़ने वाले आर्चार्यों का दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हल्द्वानी में किया गया। कार्यशाला में पूरे जिले से 15 आचार्य/आचार्याओं ने प्रतिभाग किया,कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रशिक्षण देने वाले भौतिक विज्ञान के लिए डॉ. तारा भट्ट प्राध्यापक लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज हल्दुचौड़ हल्द्वानी, एवं गणित का प्रशिक्षण देने के लिए डॉ. सुरेंद्र पडियार हेड ऑफ डिपार्टमेंट गणित विभाग डिग्री कॉलेज खटीमा रहे।

इसमें प्रशिक्षार्थियों ने गणित एवं भौतिक विज्ञान की नई विधाओं को समझा तथा नई विधाओं को जाना। समापन सत्र में सभी प्रशिक्षार्थियों ने इस दो दिवसीय कार्यशाला में सीखे गए अनुभव एवं नए ज्ञान से एक दूसरे को अनुभव कराया तथा अपने अनुभव साझा किये। समापन के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं नैनीताल जिले के संकुल प्रमुख खीम सिंह बिष्ट, जिला प्रशिक्षण प्रमुख राजेश शर्मा एवं प्रांत प्रशिक्षक टोली के सदस्य शुभेन्दु गुप्त व दीवान सिंह उपस्थित रहे। अंत में खीम सिंह बिष्ट ने आए हुए सभी जनों का आभार व्यक्त कर प्रशिक्षण की महिमा एवं गरिमा को विस्तार से बताया। सभी प्रशिक्षार्थियों को अपना आशीवर्चन प्रदान किया।

# डॉ. रावत मरीज का दो घंटे में कूल्हा प्रत्यारोपण में सफलता हासिल की

नैनीताल

हमारे संवाददाता



काम करने की इच्छा हो तो सीमित संसाधनों से भी छाप छोड़ी जा सकती है। नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में तैनात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र रावत ने भी यही कर दिखाया।

डा.रावत ने बीते तीन सप्ताह पूर्व कूल्हे की हड्डी टूटने के कारण परेशान मरीज का दो घंटे में कूल्हा की हड्डी (बॉल) प्रत्यारोपण करने में सफलता हासिल की है। लगभग डेढ से दो लाख खर्च वाला आपरेशन आयुष्मान कार्ड से मुफ्त करवाकर मरीज ने भी अस्पताल प्रबंधन का आभार प्रकट किया है। जानकारी के मुताबिक नैनीताल जिले के बेतालघाट निवासी देव सिंह बोरा (75) तीन सप्ताह पूर्व गांव में गिरकर चोटिल हो गए। गिरने से उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी, दर्द के कारण वह उठ बैठ व चल नहीं पा रहे थे। उनके परिजन उनको इलाज के लिए रानीखेत अस्पताल ले गए लेकिन वहां से उनको हायर सेंटर जाने की राय दी गई। हल्द्वानी निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च डेढ से दो लाख होने के कारण उन्होंने हार मान ली जिसके चलते मरीज को घर में ही दर्द में रहना पड़ा जिसके बाद उनके पुत्र को किसी व्यक्ति ने नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल जाने की सलाह दी।

बीडी पांडे अस्पताल में आने के बाद डॉक्टरों ने सफ लतापूर्वक उनके टूटे हुए कूल्हे की हड्डी का सफ ल ऑपरेशन कर दिया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र रावत ने बताया कि दो घण्टे के ऑपरेशन के बाद बुजुर्ग व्यक्ति के कूल्हे की बॉल बदली गई है। बताया कि प्राईवेट में यही ऑपरेशन के खर्च लगभग डेढ से दो लाख हो सकता है लेकिन बीडी पांडे अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के तहत मरीज का इलाज मुफ्त किया गया। बताया कि ऑपरेशन के दौरान टीम में डॉ.यति उप्रेती तथा सिस्टर देवकी तथा हेमंत कुमार मौजूद थे।